भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2163
दिनांक 12 दिसंबर, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

डे केयर कैंसर सेंटर की स्थापना

†2163. श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डीः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारत सरकार ने केन्द्रीय बजट 2025-26 में की गई घोषणा के आलोक में देश में डे केयर कैंसर केन्द्र (डीसीसीसी) स्थापित करने का प्रस्ताव किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार ने पूरे देश में, विशेषकर आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले में डीसीसीसी की स्थापना को मंजूरी दी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(ग) क्या उक्त जिले में प्रतिवर्ष हजारों कैंसर रोगी तथा कई सौ नए कैंसर के मामले सामने आते हैं; और
(घ) उक्त जिले में डीसीसीसी स्थापित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): केंद्रीय बजट 2025-26 की घोषणा के अनुसार, सरकार अगले 3 वर्षों में जिला अस्पतालों में डे केयर कैंसर सेंटर (डीसीसीसी) स्थापित करने की योजना बना रही है, जिनमें से 200 केंद्र वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्थापित किए जाने हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग ने देश भर में 297 डीसीसीसी की स्थापना को मंजूरी दी है, जिनमें आंध्र प्रदेश में 14 डीसीसीसी (अनंतपुर, कुरनूल, प्रकाशम, कृष्णा, डॉ. बी.आर. अंबेडकर कोनासीमा, पूर्वी गोदावरी, अल्लूरी सीताराम राजू, नांडयाल, विजयनगरम, अन्नामय्या, पालनाडु, काकीनाडा, बापटला और एनटीआर) शामिल हैं।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के कैंसर रजिस्ट्री आंकड़ों का उपयोग करते हुए राष्ट्रीय अंतर विश्लेषण किया और राज्यों के परामर्श से डे केयर कैंसर सेंटर (डीसीसीसी) स्थापित करने की योजना बनाई। उच्च भार वाले जिलों को प्राथमिकता दी गई और राज्यों/संघ

राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए, जिन्हें संसाधनों के अधिकतम उपयोग और दोहराव से बचने के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम समन्वय समिति (एनपीसीसी) द्वारा अंतिम रूप दिया गया।

(ग) आंध्र प्रदेश में जनसंख्या आधारित कैंसर रजिस्ट्री (पीबीसीआर) न होने के कारण आईसीएमआर के पास जिलेवार कैंसर मामलों की संख्या की कोई जानकारी नहीं है। हालांकि, आईसीएमआर-एनसीआरपी के अनुसार, वर्ष 2024 में आंध्र प्रदेश में कैंसर (सभी प्रकार और दोनों लिंगों में) की अनुमानित संख्या 76,708 है। आईसीएमआर ने कैंसर की रोकथाम और नियंत्रण के प्रयासों के लिए विश्वसनीय कैंसर आंकड़े प्राप्त करने हेतु राज्यव्यापी कैंसर एटलस स्थापित करने के लिए आंध्र प्रदेश सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

(घ) जिला अस्पतालों में रोग भार, स्थान की उपलब्धता और लाजिस्टिक्स के आधार पर डीसीसीसी की स्थापना की मंजूरी दी जाती है। हालाँकि, व्यवहार्यता और राज्य के प्रस्तावों के आधार पर, डीसीसीसी अन्य सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में भी स्थापित किए जा सकते हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मानदंडों के अनुसार, राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों की कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं (पीआईपी) के माध्यम से धन की आवश्यकता पूरी की जाती है।

*****